मंत्री व संयोजक

दिनांक १० अप्रैल १९६८ ई०

जिला बरेली यू.पी

4596

Re: Crisis

आदरणीय मित्र मसानी जी

कुशल से सादर नमस्कार।

मैं सब प्रकार हूं आपकी कुशल चाहता हूं। आपके इस्तीफा का समाचार पढ़ कर भारी दुखी हूं। मैं आपसे बार बार आग्रह करता हूं कि आप कृपया अपना इस्तीफा वापस ले लें।

क्यों कि :—

यह एक पार्टी के हित व आदर्शों का प्रश्न है अगर स्वतन्त्र पार्टी में भी और दलों जैसी तुच्छ झगड़ों की बातें लोगों ने उठाई तो पार्टी की प्रतिष्ठा को भारी हानि पहुंचेगी।

संविद सरकारें असफल हो जाने से जनता में बेचैनी फैल रही है अतः पार्टी को यह एक सुनहरा मौका मिला है कि पार्टी अपने सभी प्रकार के कामों में तेजी लाये और अपना प्रचार कार्य बढ़ाये।

शहर की शिक्षित जनता का ध्यान अब स्वतन्त्र पार्टी पर गया है अतः अब लोग पार्टी की तरफ आकर्षित हुये हैं। इसका पूरा पूरा फायदा पार्टी को मिल सकता है। उत्तर प्रदेश पार्टी की तरफ भी ध्यान दीजियेगा यहाँ पर पार्टी का कार्य बिल्कुल ढीला पड़ गया है।

आप खुद एक समझदार व्यक्ति हैं मैं आपसे फिर से नम्र निवेदन कर रहा हूं कि आप इस्तीफा ना दें अन्यथा पार्टी को भारी हानि पहुंचेगी।

आगरा में भेंट होने के बाद भेंट नहीं हो सकी जब कभी देहली आऊँगा अवश्य मिलूँगा।

आपका सब हितैषी

सुरेन्द्र

नोट { जल्दी में पत्र लिखा है गलती सम्भव हैं।

अन्तर्देशीय पत्र
INLAND LETTER




15

Mr. M. R. Masani (M.P)
Swatantra Party
Lok - Sabha
New Delhi - 1

पहला मोड़ First fold

भेजने वाले का नाम और पता :- Sender's name and address :-

Kr. Surendra Pal Singh
P.O Baheri (N.E.R)
Secretary and Organizer
Swatantra Party
BAHERI (Bareilly)
(U.P)

पहले यहां काटिए To open cut here